## सार-समाचार

### गीतांजली विवि में मनाई मकर संक्रांति

**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजली विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति पर्व बडे ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का परिसर रंग-बिरंगी पतंगों से सराबोर नजर आया और चारों ओर उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की लीडरशिप टीम, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ-चढकर भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से पतंग उडाने और पारंपरिक खेल सितोलिया खेलकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत किया। मकर संक्रांति के इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बढावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने इस पर्व को मिल-जुलकर मनाने का आनंद उठाया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक विरासत से जुडने और सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया। आयोजन ने गीतांजली विश्वविद्यालय के पारिवारिक एवं सांस्कृतिक परिवेश को और अधिक सशक्त किया।

### फफूंद जनित रोग का प्रकोप

**मंडफिया**, (निसं)। मौसम के बदलने से घने कोहरे के कारण अफ़ीम फसल प्रभावित हो रही हैं। अफ़ीम फसल में फफूंद जनित रोग के प्रकोप ने काश्तकारों की चिंता बढ़ा दी। अफीम उत्पादक काश्तकारों ने बताया कि घने कोहरे के कारण मौसम नहीं खुलने से अफ़ीम फसल की पत्तियों में पीलापन एवं पत्तियों के नीचे फफूंद की समस्या उत्पन्न हो रही हैं। काश्तकार राधे सुथार ने बताया कि काश्तकार अपनी फसल में लगी बीमारी को दूर करने के लिए फफूंदीनाशक स्प्रे का छिडकाव कर रहे हैं।

### आम सभा 18 जनवरी को

**उदयपुर**, (कासं)। हिंदुस्तान जिंक कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भंडार लिमिटेड जिंक नगर चित्तौडगढ की वर्ष 2022-23 से 2024 25 तक की आम सभा 18 जनवरी को शाम 4.30 बजे एग्जीक्यूटिव क्लब जिंक नगर में आयोजित की जाएगी।संस्था अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि आम सभा के दौरान संचालक मंडल बैठकों की कार्यवाही की पुष्टि अध्यक्ष भाषण का अनुमोदन वर्ष 2022-23 से 2024 25 तक के अंकेक्षित व्यापार खाता लाभ हानि खाता एवं संतुलन चित्र एवं 2025 26 के बजट का अनुमोदन सदस्यों को उपहार वितरण का अनुमोदन सहित अन्य बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

### देपुर गांव से ट्रांसफर्मर चोरी

**उदयपुर**, (कासं)। वल्लभनगर कस्बे के देपुर गांव में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वल्लभनगर थाना क्षैत्र में स्थित अजमेर विद्युत विमरण निगम लि. के कनिष्ठ अभियंता इन्द्रजीत पुत्र राजेन्द्र सिंह शक्तावत ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि देपुर गांव में सीगल फेस का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था । जिसे 8 जनवरी रात में अज्ञात चोर चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता नहीं चलने पर पर तलाश कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इसी तरह वल्लभनगर थाना क्षैत्र भटेवर खेरोदा निवासी झमकलाल पुत्र उदयलाल लौहार ने अज्ञात चोर के खिलाफ 3 दिसंबर 2025 को नवानिया में स्थित निर्माणाधीन मकान से कॉपर वायर के बण्डल चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज करवाया।

# 'ये कटी-वो कटी,कट है, के नारों से गूंजती रही छतें'

■ मकर संक्रांति का पर्व जिले भर में परम्परागत हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया

**डूंगरपुर**, (निसं)। मकर संक्रांति का पर्व जिले भर में परम्परागत हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ बुधवार को मनाया गया। इस दौरान जहां दान-पुण्य पौराणिक परम्परा का निर्वहन किया गया वही युवा, बडे बुजुर्गो तथा महिलाओं ने पंतगबाजी का आनंद लेते हुए इस पर्व को मनाया। वही छतों पर सीडी प्लेयर व अन्य वाद्ययंत्रों के माध्यम से फिल्मी गीतों पर पतंगबाजी के साथ साथ नाचते गाने का आनंद लेते हुए देखे गये। वही दूसरी ओर शाम ढलने के साथ ही छतो पर चढे युवाओं ने केडिल पंतग उडाकर लुफ्त उठाया।

मकर संक्रांति को लेकर गत काफी दिनों से युवा वर्ग में उत्साह का माहौल था और इसी के चलते बुधवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही पंतगबाजी के शौकिन अपने घरों की छतों पर आ धमके और पंतगबाजी का आनंद लेते गये। ज्यों-ज्यों दिन चढता गया त्यों-त्यों शहर की छतों पर युवा वर्ग का टोला सैकडों पंतगों, उमदा किस्म की दौर व साऊंड सिस्टमों के साथ पहुंच गया। तथा धीरे-धीरे एक छत से दूसरी छत पर जैसी ही सामने वाले की पंतग कटती तो एक साथ एक स्वर में आवाज गुंज उठती कि कट है....और उसी दौरान साऊंड सिस्टमों की आवाज विभिन्न फिल्मी गीतों की धूम पर गुंज उठती। पंतगबाजी के इस नजारे को देखने के लिए छतों पर महिलाओं की तादाद भी कम नहीं थी।

इस दौरान 50 की उम्र पार कर गये लोग भी पूरे उत्साह के साथ पंतगबाजी का आनंद ले रहे थे।पंतगबाजी के शौकिन युवाओं ने दीप जलाकर रात्रि को भी पंतग उडायें इस दौरान छतों पर तिल की पपडी,मुंगफली की चिक्की तथा अन्य खाद्य पदार्थो का जमकर लुफ्त उठाया। वही दिन भर घरों के आगे मांगने वालों का भी तांता लगा रहा। जिसमे महिलाओं ने पुराने वस्त्रों के अलावा,खाद्य सामग्री भी दान में दी। वही पशुओं को चारा डाला गया। हालाकि दिन भर हवा का रूख पूरे वेग पर होने के कारण पंतगबाजी के शौकिनों को काफी मजा आया वही रह रह कर आतीशबाजी से वातावरण को गुंजायेमान कर रहे थे। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंतगबाजी के साथ साथ ग्रामीणों ने गिडाडोट व सतोलिया खेल कर मकर संक्रांति पर्व का आनंद लिया। वही श्रद्वालुओं ने जिले भर के विभिन्न संगम स्थलों पर स्नान कर भगवान की पूजा अर्चना की। इधर श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ एवं महिला मण्डल के सानिध्य में साध्वी यशाश्री जी के कालधर्म दिवस पर भण्डारिया स्थित महावीर गौ-शाला में ग्रो-ग्रास एवं गुड दान किया गया है।

## धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर**,(कासं)। शहर के सवीना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ निवेश का झांसा देकर नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राजेन्द्र शर्मा पुत्र परमानन्द निवासी हिरणमगरी सेक्टर12ने रमेश श्रीमाली निवासी रोशनजी की बाड़ी सेक्टर 12 के खिलफ प्रकरण दर्ज करवाया।


**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक/नपनि/स्टोर/25-26/6723 दिनांक 12/01/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 2025-26**

**नगरपरिषद निम्बाहेड़ा** द्वारा नगर निकाय में अनुभवी फर्मो/ठेकेदारो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईड eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन अल्पकालीन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526B0169 पर भी देख सकते है :-

| | कुल 1 कार्य |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 24.00 लाख रुपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 12.01.2026 समय. प्रातः 10 बजे से 18.01.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दि. | 19.01.2026 समय दोपहर : 1 बजे |
| ऑन लाईन राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | 18.01.2026 समय. सायं: 6 बजे |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 19..01.2026 समय सायं: 5 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात |
| UBN | DLB256GLOB30170 |

(कौशल कुमार खटूमरा) आयुक्त- नगर परिषद निम्बाहेड़ा


## गौ सेवा का लिया संकल्प

**राजसमंद**। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मकर संक्रांति पर्व की शुभ अवसर पर राजनगर स्थित गौशाला में तुलादान कर गौ सेवा एवं गौवंश संरक्षण का संकल्प लिया।

उन्होंने जिला खनिज प्रतिष्ठान कोष के माध्यम से राजनगर गौशाला में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण करते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का नैतिक दायित्व है।

विधायक चार दिवसीय मकर संक्रांति महामहोत्सव के क्रम में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा में भी सम्मिलित हुईं। इस दौरान उन्होंने श्रद्धेय भगवती कृष्ण महाराज (अथर्ववेदीय), हरिनाम सेवा ट्रस्ट, भीलवाडा के श्रीमुख से नानी बाई का मायरा कथा का श्रवण किया।

## कुलपति सारंगदेवोत ने पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का किया शुभारंभ

■ परम्परा, प्रकृति और परिवार के साथ सामूहिकता का उत्सव है मकर संक्रांति : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर**, (कासं)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित पारम्परिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने सितोलिया, गिली - डंडा खेलकर किया।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत परम्परा एवं त्यौहारों का देश है यहाँ हर दिन तीज त्यौहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति उन पर्वो में से है जो हमारे लिए केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नही है, वरन जीवन को देखने समझने और जीने का एक व्यवहारिक दर्शन भी प्रस्तुत करता है। यह पर्व सूर्य के उत्तरायण होने का संकेत देता है ऋतुओं के परिवर्तन का साक्षी बनता है और मनुष्य के प्रकृति, विज्ञान समाज और परिवार चारों को एक साथ जोडता है। प्रो. सारंगदेवोत ने भारतीय संस्कृति और पारम्परिक खेलों के महत्व को पुनर्जीवित करने का आ ान किया। भारतीय संस्कृति और परम्पराएं हमारी अद्भुत विरासत हैं। मकर संक्रांति का पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता लाने का संदेश देता है। यह पर्व वैदिक संस्कृति के उस शाश्वत संदेश 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' को साकार करता है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। युवा आधुनिकता के साथ पारम्परिक खेलों को अपनाएं और उनके संरक्षण में योगदान दें। जिस देश ने अपनी संस्कृति को भुला दिया वे आज अपना अस्तित्व खो चुके है। उन्होंने कहा, आज युवापीढ़ी के मोबाइल और किताबों में उलझने के कारण खेलों से दूरी बन रही है। लेकिन हमारे तीज-त्योहार और खेल न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे सामाजिक, मानसिक और शारीरिक विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। मकर संक्रांति जैसे पर्व इन मूल्यों को सुदृढ करने का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में अकादमिक और गैर-अकादमिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्रिकेट, टेबल टेनिस, रस्साकशी और सितोलिया जैसे खेल हुए। विद्यापीठ के कन्या महाविद्यालय में भी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
(A State Govt. enterprise constituted under RHB Act 1970)
**वृत्त-उदयपुर**
"Salumber Chouraha, Sector 11, Udaipur-313002 Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांकः-उप.आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/1343 दिनांक :-8.01.2026

**-: जाहिर आम सूचना ( दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण ):-** Registered

फ्लेट संख्याH-06 (First Floor) आयवर्गMIG-A (G+3) माप 18.65 वर्ग मीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना- बलिचा शहर उदयपुर का डा. संतोष मीणा पुत्र श्री सांवल राम मीणा को आवंटन पत्र क्रमांक 14 दिनांक 06.04.2015 जारी कर दिनांक 07.10.2015 को कब्जा दिया गया। उक्त फ्लेट का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1178 दिनांक 27.10.2015, डा. संतोष मीणा पुत्र श्री सांवल राम मीणा को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 28.10.2015 द्वारा डा. संतोष मीणा पुत्र श्री सांवल राम मीणा के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त डा. संतोष मीणा पुत्र श्री सांवल राम मीणा ने उक्त फ्लेट का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 29.10.2015 को श्री राम अवतार यादव पुत्र श्री नन्दराम यादव को किया गया। तत्पश्चात् श्री राम अवतार यादव पुत्र श्री नन्दराम यादव ने पुनः उक्त फ्लेट का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) दिनांक 25.08.2023 द्वारा श्रीमती मीना खंडेलवाल पत्नी श्री प्रवीण खंडेलवाल को किया गया। श्रीमती मीना खंडेलवाल पत्नी श्री प्रवीण खंडेलवाल ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त फ्लेट को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्याH-06, दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्रीमती मीना खंडेलवाल पत्नी श्री प्रवीण खंडेलवाल के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर



**Name Changed**

I have changed my name from Mujaffar Rahman to Mujjafar Rahaman. Behind Police Thana, VPO Aspur, Dungarpur



प्रपत्र संख्या 7
( देखिये नियम 21 )
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर ( राज. )

**नोटिस**

पत्रावली संख्याः- 21/2026/283 दिनांक- 14.1.26
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों को
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

चूंकि श्री मयंक कोठारी, सचिव ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत अर्हम शिक्षा एवं शोध संस्थान, 8-9, नवलोंक कॉलोनी, नवरतन कॉम्प्लेक्स, बेदला रोड, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। ओर यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 14.1.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आगामी पेशी तारीख 18.3.26 की रखी गयी है।

( जतीन कुमार गांधी )
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर


## स्थापना दिवस मनाया

**बांसवाड़ा**, (निसं)। भील राजा आदिवासी युवा संस्थान ने भील राजा बांसिया प्रतिमा स्थल पर बांसवाड़ा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। युवा जिलाध्यक्ष और सांसद प्रत्याशी रहे अरविंद सीता डामोर ने बताया कि 14 जनवरी 1515 ई को बांसिया महाराज ने बांसवाड़ा को स्थापित किया इस उपलक्ष में भील राजा बांसिया महाराज ने तिल के लड्डू बनाकर जनता को बांटे और दिवस को बांसवाड़ा स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। युवा संस्थान पदाधिकारियों ने ढोल-कुंडी आदिवासी वाद्ययंत्रो द्वारा हवन कर जिले की सुख-शांति, समृद्धि की कामना करते हुए सर्व समाज के लिए प्रार्थना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष रकम नाथ चरपोटा, सहसचिव शंकर महाराज, मानवधिकार अध्यक्ष अर्जुनसिंह मसार, सरपंच धुलजी चरपोटा, अनीता खांट, मुकेश, सोना ताबियार, अर्पिता, बागीदौरा सरपंच रुक्मणि आर्य, रकमा रावत, रणछोड़ चरपोटा, बहादुर, गोपाल चरपोटा सहित आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद रहें।भील राजा बांसिया जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियो ने नगर परिषद के बाहर स्थित भील राजा बांसिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## साक्षात्कार आज से

**उदयपुर**, (कासं)। जिला रसद कार्यालय, प्रथम में 61 रिक्त उचित मूल्य दुकानों के लिए सक्षम स्तर से अनुमोदन पश्चात् साक्षात्कार 15 जनवरी से आयोजित होंगे। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि 15 जनवरी को सुबह 10 बजे से उदयपुर शहर क्षेत्र की दुकानों के लिए साक्षात्कार होंगे। 21 जनवरी को बड़गांव मावली, 22 को घासा व गिर्वा, 23 को कुराबड़ , बारापाल व वल्लभनगर तथा 24 जनवरी को भीण्डर व कानोड़ क्षेत्र के लिए साक्षात्कार होंगे।

## 'नशाखोरी व सट्टेबाजी पर सख्ती बरतने की आवश्यकता'

**कपासन**, (निसं)। कपासन पुलिस थाने में बुधवार दोपहर सीएलजी (कम्युनिटी लाइजन ग्रुप) और शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाधिकारी सुनील शर्मा ने कस्बे को नशाखोरी और सट्टेबाजी से मुक्त करने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। कारोबार करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दो महीने में कपासन को सटा व नशा से मुक्त कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में थानाधिकारी शर्मा ने "आमजन में विश्वास व अपराधियों में डर" के नारे को अमल में लाने पर जोर दिया। उन्होंने सदस्यों के साथ संवाद करते हुए क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। थानाधिकारी शर्मा ने कहा कि कपासन कस्बे की यातायात व्यवस्था सुधारने के साथ-साथ युवाओं में फैल रही नशाखोरी और सट्टेबाजी पर सख्ती बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए आमजन के सहयोग को आवश्यक बताया और कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अपराधियों पर रोक लगाना है।


**कार्यालय ग्रा.प.- थला, पं.सं. रायपुर ( भील. )**

क्रमांकः 129 दिनांकः 12.01.26

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत-थला में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजना में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु निविदा सूचना सं.-2025-26/117 Date:- 9.1.26 के अनुसार योग्य संवेदकों से निर्धारित प्रारूप में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण एवं शर्ते www.sppp.rajasthan पर देखी जा सकती है।

NIB Code : - ZBL2526A3106

ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.पं. थला पं.स. रायपुर ( भीलवाड़ा ) — प्रशासक ग्रा.पं. थला पं.स. रायपुर ( भीलवाड़ा )


## दो दिवसीय कांफ्रेंस का समापन

**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), उदयपुर के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लीकेशन्स (आईसीएआई) विषय पर आयोजित दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन हुआ।

यह कांफ्रेंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, व्यावहारिक अनुप्रयोगों तथा भविष्य की संभावनाओं पर गहन मंथन का सशक्त मंच सिद्ध हुई। इस दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में भारत सहित विभिन्न देशों से पधारे 200 से अधिक विषय विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस के दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती तकनीकों, उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव तथा नवाचार आधारित समाधानों पर सार्थक एवं ज्ञानवर्धक विचार-विमर्श किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ विभाग की निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कांफ्रेंस न केवल शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को सुदृढ करने का माध्यम बनी, बल्कि शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं उद्योग जगत के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने में भी सफल रही। उन्होंने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विभिन्न सब-थीम्स जैसे ह्यूमन-एआई इंटरफेस, एथिकल एआई, एजेंटिक एआई, एआई एजेंट्स, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, बिग डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग तथा जनरेटिव एआई जैसे अत्याधुनिक विषयों पर विस्तृत एवं गहन चर्चा की गई। कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि, माननीय कुलपति ऑनरेरी कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने अपने उद्बोधन में दो दिवसीय कांफ्रेंस के सभी प्रतिभागियों के शोध प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता, और आज के युवाओं को निरंतर सीखने की भावना के साथ अपने कौशल को विकसित करना चाहिए, ताकि वे वैश्विक स्तर पर बढते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव में राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएंप्रेषित कीं।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः नविप्रा/नियमन रिकॉर्ड/2025/3495 **आम-सूचना** दिनांकः- 8/1/2026

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 17 (MUT No. 7473) | 37614 (फार्म हाउस प्रयोजनार्थ) | बडगांव, 80 से 95. 115, 166 119 से 121, 124, 150 से 171 | श्रीमती भावना जैन पत्नी श्री मुकेश जैन एवं श्री मुकेश जैन पिता श्री लक्ष्मी लाल जी जैन निवासी-13, न्यू ग्लास फैक्ट्री कॉलोनी, सुन्दरवास, उदयपुर (राज.) | उक्त भूखण्ड में श्रीमती सरोज पत्नी श्री डी. एस. मारू के अविभाजित 1/4 हिस्से को उनका वगवास दिनांक 12.11.2024 को होने से उनके द्वारा की मृत्युपुर्व किया गया पंजिकृत वसीयत नामा दिनांक 02.09.2024 के आधार पर वसीयत ग्रहीता श्री देवी शंकर मारू (डी. एस. मारू) पिता श्री भेराराम जी मारू द्वारा जरिये पंजिकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.11.2025 से विक्रय किया गया जिसके आधार पर श्रीमती सरोज पत्नी श्री डी. एस. मारू के अविभाजित 1/4 हिस्से व अन्य के हिस्से का नामान्तरण विक्रय पत्र के आधार पर चाहा गया। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज होतो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण- पत्र उपरोक्तानुसार आवेदको के नाम पर जारी कर दिया जावेगा । डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)


## विधायक फूलसिंह मीणा ने दी एमए की परीक्षा

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर जिले के उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार निर्वाचित विधायक फूलसिंह मीणा का शिक्षा के प्रति जज्बा अनुकरणीय है। 15 साल की आयु में आर्थिक अभावों के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले मीणा ने न केवल अपनी बेटियों की प्रेरणा से दोबारा शिक्षा का दामन थामा, अपितु अपने क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत भी बन कर उभरे हैं।

जनजाति परिवार से आने वाले फूलसिंह मीणा ने 15 वर्ष की आयु में आर्थिक अभाव एवं संघर्षों के चलते पढ़ाई छोड़ दी थी। बाद में अपनी बेटियों की प्रेरणा और प्रोत्साहन से 40 वर्ष बाद 55 वर्ष की उम्र में पुनः शिक्षा की डगर थामी और बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एमए करने की ठानी। हाल ही उन्होंने 68 वर्ष की आयु में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ युनिवर्सिटी से एम.ए. राजनीति विज्ञान में अंतिम वर्ष की परीक्षा दी। विधायक मीणा ने बताया कि उनका सपना पीएचडी की पढ़ाई कर डॉक्टर की उपाधि अपने सैनिक पिता को समर्पित करने का है। विधायक मीणा का यह जज्बा पूरे देश के शिक्षार्थियों के लिए आदर्श है। जनता के लिए हर समय सुलभ रहते हैं। विधानसभा में प्रश्न काल में प्रश्न पूछने के मामले में हमेशा 100 प्रश्न पूछ कर शतकवीर रहते हैं। इतनी व्यस्तताओं के बावजूद विधायक मीणा शिक्षा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहते हुए एम ए अंतिम वर्ष के सोपान पर पहुंच चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि विधायक मीणा विधानसभा के स्पीकर पैनल में शामिल हैं और लगातार दूसरी बार विधानसभा की जनजाति कल्याण समिति के सभापति भी हैं। साथ ही वह आरएससीईआरटी की गवर्निंग काउंसिल में भी शामिल है। राधास्वामी के अनुयायी एवं बाबाजी गुरिंदर सिंह जी ढिल्लों के शिष्य विधायक मीणा अपनी फिटनेस और ड्रेस कोड के लिए भी लोकप्रिय है। विधायक की शिक्षा में सहयोगी प्राचार्य संजय लुणावत ने बताया कि विधायक मीणा जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व पूर्ण निष्ठा से निभाते हैं। शिक्षा के प्रति उनका जोश व जुनून अनुकरणीय है। व्यस्तता के बीच क्षेत्र भ्रमण करते हुए कार में, ऑडियो सुनते हुए, नोट्स पढ़ते हुए निरंतर अध्ययन में जुटे रहते हैं। अपनी बेटियों से प्रेरणा पाकर शिक्षा की राह पर अग्रसर हुए विधायक मीणा अब क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा के प्रेरणापूंज बने हुए हैं।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः उविप्रा/नियमन रिकॉर्ड/2026/3497 **आम-सूचना** दिनांकः- 8/1/2026

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्डों का वारिसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | राजस्व ग्राम | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम / दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 109 (MUT No. 8141) | 1500 वर्गफीट | शोभागपुरा खसरा नं 619 से 621 | श्री रिलीज पगारिया पिता स्व. श्री राजेन्द्र पगारिया, श्री दर्शिल पगारिया पिता स्व. श्री राजेन्द्र पगारिया एवं श्री अंकित पगारिया पिता स्व. श्री राजेन्द्र पगारिया, निवासी- 8, बापना स्ट्रीट, मालदास स्ट्रीट, उदयपुर | श्रीमती प्रेम कुमारी काकरेचा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र पगारिया का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 14.04.2025 एवं श्री राजेन्द्र पगारिया पिता श्री शांतिलाल पगारिया का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 09.12.2025 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर संबंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)



**कार्यालय नगरपालिका वल्लभनगर, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/निविदा/2025-26/214/213 दिनांकः 13.1.26

**खुली बोली/वार्षिक दर अनुबंध**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में निम्नांकित कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/फर्मो से 2025-26 के लिए बोली आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत ( लाखो में ) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क ( रूपये ) | निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक/समय ( रूपये ) | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक